सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिज़ाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
cmpdi

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

# भारत में बहुभाषिकता समस्या नहीं समृद्धि है, इसमें रच बस कर ही भारत ने मजबूती पाया है : डॉ अल्पना मिश्रा

➲ श्रीनाथ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में छठा अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आज के चिंतन मनन के वक्ता डॉ अल्पना मिश्रा तथा डॉ वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी को कार्यक्रम निदेशक कौशिक मिश्रा ने पौधा देकर स्वागत करते हुए किया।





डॉ अल्पना मिश्रा और डॉ वरिष्ठ नारायण त्रिपाठी से संवाद करतीं डॉ संध्या सिन्हा और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छात्रों की प्रस्तुति।

छठा अंतरराष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव के द्वितीय दिवस के चिंतन मनन का विषय था भारत का बहुभाषिक समाज, संस्कृति और हिंदी साहित्य वक्ता के रूप में डॉ अल्पना मिश्रा, आचार्य, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा दूसरे वक्ता के रूप में डॉ. वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी, कृतकार्य आचार्य, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी उपस्थित थे। चिंतन मनन सत्र का समन्वय करीम सिटी, हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ संध्या सिन्हा ने किया।

सत्र का आरंभ डॉ संध्या सिन्हा, डॉ. वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी से अपने पहले प्रश्न के द्वारा पूछा गया कि आपका इस बारे मे क्या कहना है कि बहुभाषिकता शक्ति है या सीमा? इसका जवाब देते हुए डॉ वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी का भक्ति कालीन साहित्य में सूर ,जायसी ,तुलसी जैसे कवियों का नाम उल्लेखनीय रूप से लिया जा सकता है और उस समय ब्रज अवधि जो बोलियां थी यह केवल बोलियां नहीं थी बल्कि यह एक परिनिष्ठित भाषा थी। विश्व में जहां कई देशों ने अपना अस्तित्व खो दिया वहां आज यदि विश्व में हमारे निशान बचे हैं तो इसका एक बहुत बड़ा कारण है हमारी सांस्कृतिक एकता । भक्ति काल में सूर तुलसी जायसी का नाम उल्लेखनीय है और उस समय बोली जाने वाली ब्रज और अवधी भाषा के केवल भाषा नहीं है बल्कि एक परिनिष्ठित भाषा भी है। भारत में जो भाषिक वैविध्य है उसके पीछे अंतर्निहित शक्ति है देववाणी संस्कृत। श्री त्रिपाठी ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि दक्षिण में कई ऐसी भाषाएं हैं जो आपको समझ में नहीं आएंगी लेकिन वह भी संस्कृत से निकली हुई है।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा





**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ नार्दन टाउन जमशेदपुर की सांस्कृतिक समिति की ओर से आज श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई सुबह 9 बजे स्वर्णरेखा घाट से मंगल कलश यात्रा आरंभ हुई जिसमें 101 महिलाओं ने भाग लिया। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में कथा पाठ करते हुए श्री धाम वृंदावन से पधारे स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने कहा कि संतों का जीवन एवं कर्म सब जन कल्याण आरती होता है। पूज्य स्वामी जी ने आज कथा के प्रथम दिवस में मंगल कलश यात्रा का वर्णन करते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य की कथा सुनाई जिसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए, भाव विभोर हो गए। पूज्य स्वामी जी ने कथा में सुंदर संगीत के माध्यम से ऐसी समा बांधी की सभी भक्तों झूमने लगे। यह कथा नित्य अपरान्ह 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक 27 दिसंबर तक चलेगी। आज कथा श्रवण के अवसर पर उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष विजय सिंह राणा उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे रवि दुबे महासचिव डॉ डीपी शुक्ला सचिव शिव शंकर मिश्रा इंदु प्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष देवेश अवस्थी केशव प्रसाद सिंह जेके तिवारी बीएन दुबे शिव शंकर पाल मनोज कुमार मिश्रा श्रीमती गीता शुक्ला श्रीमती वंदना शुक्ला श्रीमती निशा कुमारी श्रीमती पूनम सिंह के अतिरिक्त सारे स्वयंसेवक दल के सदस्य और भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने उपस्थित थे।

### चांडिल : लायंस क्लब ने लगाया जागरूकता शिविर




**चांडिल।** लायंस क्लब धातकीडीह जमशेदपुर के सौजन्य से चांडिल के डीएमपीएस स्कूल में कैंसर जागरूकता शिविर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को क्या-क्या पदार्थ के सेवन से कैंसर के अधिक संभावना होती है इसकी जानकारी दी। इसमें किसी गरीब परिवार के सदस्यों को कैंसर होने पर सरकार से दी जाने वाली सहायता के संबंध में भी बताया गया। मौके पर लायंस क्लब के प्रेसिडेंट अशोक दास, प्रिंसिपल संपा बनर्जी, आरके शर्मा, डॉ लखिंदर हांसदा, डॉ अभिषेक ठाकुर एवं डॉ अनन्या उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज



### स्व मूंगा शर्मा की पुण्यतिथि आयोजित

**जमशेदपुर।** मानगो संकोसाई जयप्रकाश नगर स्थित जेपी स्कूल में आज जेपी स्कूल के सचिव अर्जुन शर्मा के पिता स्व. मूंगा शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर अर्जुन शर्मा के साथ ही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने स्व मूंगा शर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### रिकार्ड रक्तदान के लिए रेडक्रॉस करेगा टाटा मोटर्स को सम्मानित

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा मजदूर नेता स्व. गोपेश्वर बाबू के 101वीं जयंती पर 1794 यूनिट ऐतिहासिक रक्तदान पर अपनी बधाई प्रेषित किया है। उन्होने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को इस ऐतिहासिक रक्तदान शिविर के लिए बधाई दिया है तथा विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई 2023 को सम्मानित करने की घोषणा की है।

### टाटा स्टील प्रबंधन ने बढ़ायी मिलेनियम स्कॉलरशिप की राशि

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील प्रबंधन और यूनियन नेतृत्व के बीच लगातार हुई बातचीत के आधार सत्र 2022- 23 से लागू मिलेनियम स्कॉलरशिप के केटेगरी अ में रुपये 50,000 प्रति वर्ष से बढ़ोतरी करके इसे 75,000 रुपये प्रति वर्ष किया गया है, वहीं कैटेगरी इ में इस राशि को ₹ 24,000 प्रति वर्ष से बढ़ाकर ₹ 36,000 प्रति वर्ष किया जा रहा है।

### सीएम आमंत्रण विजेता टीम पहुंची चांडिल

**चांडिल।** चाईबासा में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के कोल्हान जोनल विजेता टीम का चांडिल में जोरदार स्वागत हुआ। प्रतियोगिता में सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी पंचायत को पराजित कर चांडिल प्रखंड के रुचाप पंचायत के टीम कोल्हान जोनल के विजेता बने। विजेता टीम को रुचाप पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बोनु सिंह सरदार राकेश वर्मा पूर्व जिला परिषद सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायक, ग्राम प्रधान अरुप सिंह, बहादुर कुमार, पंसस रामकृष्ण महतो, मनोज सिंह, कृपा महतो के द्वारा विजेता टीम को चांडिल बाजार में माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### शपथ पत्र

मैं सुषमा देवी, पति स्वर्गीय दिनेश कुमार, उम्र- 42 वर्ष, निवासी ग्राम- मोरबे, पोस्ट- मोरबे, थाना मझिआंव, जिला- गढ़वा, राज्य झारखंड शपथ पूर्वक निम्नांकित ब्यान करती हूं कि
1. यह कि मैं सुषमा देवी वो तारा देवी दोनों मेरा ही नाम है, मैं दोनों ही नाम से जानी जाती हूं।
2. यह कि उपरोक्त दोनों नामों से मेरे गांव में कोई भी व्यक्ति नहीं है।
3. यह कि उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है, जिसके लिए मैं यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हु।
मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक ब्यान करती हूं कि उपरोक्त लिखी गई सारी बातें मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है।

# टाटा मोटर्स यूनियन ने 1794 यूनिट रक्तदान कर बनाया नया कीर्तिमान

■ अपने दिवंगत पूर्व महासचिव गोपेश्वर की स्मृति में हुआ मेगा ब्लड डोनेशन
■ प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी समेत कई कर्मियों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दुनिया की सिर्फ ऑटोमोबाइल कंपनियों में शुमार टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट में मान्यता प्राप्त टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व महासचिव गोपेश्वर लाल दास की जयंती के अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर आज 1794 यूनिट रक्तदान किया। इस तरह बिहार-झारखंड में बीते वर्ष एक दिन में 1200 यूनिट से अधिक के कीर्तिमान को टाटा मोटर्स के मजदूरों ने स्वयं भंग कर नया कीर्तिमान कायम किया है। यूनियन परिसर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में कंपनी के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी और आईआर हेड दीपक कुमार ने भी रक्तदान कर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया।

बता दें कि इस बार यूनियन के महासचिव आरके सिंह ने 2019 रक्तदान का लक्ष्य रखा था और इसके लिए कुल 1900 कर्मचारियों ने अपना पंजीयन कराया था जिसमें से 1794 ही रक्तदान कर पाए। इस तरह आज के शिविर में जितना रक्त संग्रह की हुआ है वह झारखंड बिहार में सबसे बड़ा रक्तदान शिविर बन गया है।



रक्तदान करते टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी।

शिविर के पूर्व जम्मू वाले बाबा और अभिषेक पाठक बबलू पंडित एंड टीम की ओर से इस बार भी यूनियन परिसर में सुंदरकांड का पाठ करके टाटा मोटर्स परिवार, झारखंड और देश की समृद्धि एवं तरक्की की कामना की गई। टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने के लिए समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कांग्रेश के नए जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, समाजसेवी एवं भाजपा नेता राज कुमार सिंह, विजय सिंह, पार्षद कविता परमार, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह मेहर बाई कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ चटर्जी, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा यूनियन के पूर्व महासचिव चंद्रभान सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, टेल्को थाना प्रभारी रणवजय शर्मा भी पहुंचे थे। पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार भी देर शाम राम सिंह ने पहुंचे और रक्तदान शिविर को ऐतिहासिक बनाने के लिए उन्होंने टाटा मोटर्स कर्मियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# मैथिली ठाकुर के गीतों पर झूम उठी लौहनगरी



सोशल मीडिया के जरिए गायन में देश-विदेश में अमिट पहचान बना चुकी मैथिली ठाकुर ने आज जी टाउन मैदान में अपनी प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को लौहनगरी के दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खूब सराहा।

# वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट बहाल करे सरकार : विद्युतवरण महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो ने बुधवार को लोकसभा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे में मिलने वाली छूट का मामला को उठाया ।

उन्होंने नियम 377 के अधीन सूचना के तहत मामले को उठाते हुए कहा कि मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की और आकर्षित कराना चाहता हूं। वैश्विक महामारी कोविड-19 के पूर्व वरिष्ठ नागरिक रियायतों के तहत वरिष्ठ नागरिकों में 58 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को 50% एवं 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों तथा पुरुष ट्रांसजेंडर सभी वर्गों में 40% का छूट ट्रेन यात्रा के दौरान टिकट आरक्षण का लाभ उन्हें मिलता था, जो रेलवे बोर्ड द्वारा बंद कर दिया गया है। यह ज्ञातव्य है कि लगभग ढाई-तीन वर्षों के बाद अब जब सभी चीजों के साथ धीरे-धीरे जीवन सामान्य हो रहा है। लेकिन रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली ट्रेन यात्रा में रियायतों की सुविधा को पुनः बहाल नहीं किया गया है। देशभर के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा उक्त सुविधा को पुनः बहाल करने की मांग की जा रही है।

**संसद में वरिष्ठ नागरिकों के पक्ष में आवाज बुलंद कर सांसद ने जीता दिल**



### श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा का होगा आयोजन



बैठक को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा की नवगठित कमेटी की प्रथम कार्यसमिति बैठक बुधवार को सूर्य मंदिर परिसर में अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्यों ने एक-दूसरे के बीच संक्षिप्त परिचय व अनुभव का आदान प्रदान प्राप्त किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह ने उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए आगामी आयोजनों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर जमशेदपुर ही नही अपितु पूरे झारखंड में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। मंदिर की भव्यता, साज-सज्जा एवं आस्था श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही, पार्क के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य किये गए हैं। भुपेन्द्र सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति को जमशेदपुर के आस्थावान श्रद्धालुओं का सहयोग निरन्तर प्राप्त हुआ है। बैठक में अयोध्याधाम की तर्ज पर सूर्य मंदिर धाम में बने भव्य श्रीराम मंदिर की तृतीय वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर मंदिर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगों के घर तक जाएगी एवं उनका सहयोग प्राप्त करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने नवगठित कार्यसमिति को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सूर्य मंदिर परिसर शहर के आस्थावान लोगों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से आज शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थल के रूप में स्थापित हुआ है।

# 25 को सुशासन दिवस के रूप में अटल जी की जयंती मनायेगी भाजपा : गुड्डू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न एवं झारखंड राज्य के जनक अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती पर जमशेदपुर महानगर में मंडल से लेकर तक बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, रेडियो पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा सुना जाएगा। आगामी रविवार को आयोजित होने वाले दोनों कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बुधवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में आयोजित जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक में प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू विशेष रूप से शामिल हुए।




मंडल व बूथ नेताओं को संबोधित करते जिला प्रभारी सुबोध गुड्डू।

# जीवन में सफलता के लिए लें कोई शुभ संकल्प : पं. विजयशंकर मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ जुगसलाई राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा का पांचवां दिन



**जमशेदपुर।** जुगसलाई स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण संग रूकिमणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। वरमाला की बेला में संगीतकारों ने मंगल भजनों की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। महिलाओं ने नृत्य कर भगवान का विवाह महोत्सव मनाया। कथा के दौरान व्यास पीठ से पंडित विजयशंकर मेहता ने श्रीकृष्ण बाल लीला, मथुरा गमन, कंस वध तथा श्रीकृष्ण-रूकिमणी विवाह सहित अन्य प्रसंगों की व्याख्या करते हुए कहा कि दाम्पत्य जीवन परमात्मा का प्रसाद हैं, इसमें प्रवेश करने से पहले मुस्करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण रूकिमणी से विवाह के पहले मुस्कुरा कर संकेत दे रहे हैं कि जो खुशी-खुशी दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेगा, वो आगे भी प्रसन्नता से परिवार चलायेगा।

# आज जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के बीच होगी कांटे की टक्कर

➲ जमशेदपुर अपनी प्रतिष्ठा वापसी के लिए उतरेगा मैदान में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां हीरो इंडियन सुपर लीग के तहत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में गुरुवार की शाम मेजबान टीम जमशेदपुर एफसी का मुकाबला शानदार फार्म में चल रही एफसी गोवा से होगा। कल का मैच जमशेदपुर के लिए जहां अपनी खोज की जा रही प्रतिष्ठा की वापसी का मार्ग प्रशस्त कर सकती है वहीं दूसरी ओर गोवा की टीम अपनी लगातार जीत को कायम रखते हुए खुद को देखना चाहेगी। जमशेदपुर एफसी की दयनीय स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टीम 10 मैचों में सिर्फ 4 अंक जुटाने में सफल हुई है और वह हीरो इंडियन सुपर लीग में 11 वें स्थान पर है वहीं दूसरी ओर प्रतिद्वंदी टीम एफसी गोवा पूर्व के मैच में जमशेदपुर को 3-0 से हरा चुकी है और उसके खाते में अभी 14 पॉइंट है। जमशेदपुर एफसी की टीम पिछले 3 मैचों में 1-0 से हार का सामना किया है और अब उसके हेड कोच बूथ रॉयल चाहेंगे कि उनकी आक्रमण टीम इस बार मैच हर हाल में जीते। कोच की उम्मीद राफेल क्रिविलारो पर है जो फूल फिट हो करके अब टीम में आए हैं। राफेल को हाल ही में साइन किया गया है और वे दो मैचों में खेल चुके हैं किंतु मुश्किल से 1 घंटे मैदान पर रह पाये। इस ब्राजीलियन फुटबॉलर से एफसी गोवा के खिलाफ अच्छे आक्रमण की उम्मीद है। जेएफसी के जेड कोच एडी बुथ्रायड का कहना है कि टीम ने कई कारणों से अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किंतु जनवरी माह में टीम का कायाकल्प हो रहा है। हमें पूरी उम्मीद है कि हम शानदार वापसी कर प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब होंगे।





मैच के पूर्व अभ्यास करती जमशेदपुर की टीम और मैच की पूर्व संध्या पर पसीना बहाती गोवा की टीम।

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/11/2022-23

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (Non refundable). | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Renovation and Furnishing of Jharcraft Showroom in Main Road, Ranchi. | 40,94,522.00 | 82000.00 | 5000.00 | 02Months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 23.12.2022 To 28.12.2022
b. Tender will be received on 29.12.2022 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 29.12.2022 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no.8292234107 may be contacted.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

## स्पीड न्यूज

### उपप्रमुख के पहल पर आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकल किया दुरुस्त

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकल उपप्रमुख के पहल के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दुरुस्त करा दिया गया। गौरतलब हो कि केंद्र का चापाकल पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा था। सोमवार को अपने निरीक्षण के क्रम में उपप्रमुख आश्विनी मिश्र ने आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा कर उक्त समस्या से पेयजल विभाग को अवगत कराया था। जिसके बाद बुधवार को विभाग के लोगों द्वारा चापाकल को दुरुस्त कर दिया गया है। उक्त केंद्र की सेविका शोभा देवी ने इस कार्य के लिए उपप्रमुख को साधुवाद दिया है।

### बंदुआ में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित बंदुआ पंचायत में दिन बुधवार को भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में प्रथम पक्ष के रामजीवन यादव,रंजीत यादव,सरिता देवी घायल हो गए हैं। वही दूसरे पक्ष से बसंत यादव को भी काफी चोटें लगी है। घायल महिला सरिता देवी ने बताया कि मारपीट की घटना भूमि विवाद को लेकर हुई है। दोनों भाइयों के बीच काफी दिन पूर्व से जमीन बंटवारा को लेकर झगड़ा चल रहा था। इस घटना में 4 वर्षीय बच्चा रंजीत यादव को भी नहीं छोड़ा गया उसे भी डंडे से पीटा गया है। घटना के बाद घायल सभी लोगों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में किया गया। जिसके बाद मामले की छानबीन कर उचित करवाई करने हेतु दोनों पक्षों के द्वारा मनिका थाना में लिखित आवेदन दी गई है।

### पारा स्वास्थ्य कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन बुधवार को पारा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी मांगों को पूरी करने हेतु काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ रामविलास ठाकुर ने कहा कि हम लोगों को 10 से 15 साल कार्य करते हो गए हैं लेकिन अभी तक सरकारी करण करने हेतु सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। जिसके विरोध में आज हम लोग काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ताकि सरकार हमारी मांगो पर ध्यान दें और पारा स्वास्थ्य कर्मियों को जल्द से जल्द सरकारी करण करने पर पहल की जाए। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के कई पारा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### ट्रक बिजली के खंभे से टकराया पुआल में लगी आग, बकरियां झुलसीं

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में बुधवार देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक के धक्के से बिजली का खंभा टूटकर मचान में जा गिरा। खंभा टूट कर गिरने के कारण हुए शॉर्ट सर्किट के चलते मचान में रखे पुआल में भीषण आग लग गयी। स्थानीय लोगों की सक्रियता से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर स्थानीय ग्रामीण सक्रिय नहीं रहते तो पुवाल के साथ-साथ आसपास के घरों को काफी नुकसान हो सकता था। इस दौरान मचान के नीचे बंधी दो बकरिया झुलस गई। उक्त मचान बालू ग्राम निवासी मोहन प्रजापति और मुनि प्रजापति है।

### जन योजना अभियान के तहत प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**गारु।** गारु के प्रखंड सभागार में वित्तीय वर्ष 22-23 के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिए पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रताप टोप्पो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मास्टर ट्रेनर महेंद्र सिंह द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण में सभी विभाग बाल विकास, स्वास्थ्य, मनरेगा, जेएसएलपीएस, पंचायती राज के संयुक्त रूप से संचालित होने वाले योजनाओं की क्रियान्वयन व संचालन को लेकर विशेष प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षण में मनरेगा महिला मेठ, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया मुखिया व पंचायत सचिव भाग ले रहे हैं। मौके पर पंचायत सचिव महेश मुंडा, सत्येंद्र सिंह, मुखिया सुभाष कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार समेत सभी मुखिया, पंचायत सचिव मौजूद थे।

### घर का सीढ़ी तोड़ने के दौरान मजदूर गिरा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ टोला निवासी गोपाल गंझू 25 वर्ष पिता शिबु गंझू घर का सीडी तोड़ने के दौरान गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घर मालिक द्वारा गोपाल गंझू को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। यहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई। चिकित्सकों के अनुसार गोपाल गंझू का एक पैर टूट गया है बताया जाता है कि गोपाल गंझू पूरन प्रजापति के घर का सीढ़ी को तोड़ने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान जर्जर होने के बाद सीडी टूट गया और वह उसकी चपेट में आ गया।

### नागरिक सहायता केंद्र का हुआ उद्घाटन

बारियातू। प्रखंड कार्यालय मे नागरिक सहायता केंद्र का उद्घाटन बीडीओ दीपाली भगत, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर कमलचंद किसपोटा ने संयुक्त रूप मे दीप प्रजवल्लित व फीता काटकर बुधवार को किया। नागरिक सहायता केंद्र उद्घाटन के मौके पर बीडीओ श्री भगत ने कही की सुदूवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग आवेदन और फॉर्म नहीं भरना जानते हैं इसके लिए यह केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है यहां सभी तरह के फॉर्म व आवेदन लिखने तथा भरने मे सहयोग किया जायेगा। वहीं नागरिक सहायता केंद्र के कॉर्डिनेटर ने बताया की राज्य के सभी ब्लॉक मे इस तरह का केंद्र बनाया जा रहा है। बारियातू में केंद्र की संचालन के लिए श्रवण उरांव व रामशंकर रविदास को रखा गया है। प्रखंड मे आए लोग इस केंद्र मे आकर आवेदन व फॉर्म भरवाने के लिए सहयोग ले सकते हैं। एमआईएस ऑफिसर शिवशंकर सिंह ने कहा की कम पढ़े लिखें लोगों को आए दिन पारेशनी होते रहता है। पारेशनी न हो सके इसके लिए यह केंद्र उद्घाटन किया गया है। मौके पर लाल आशीष नाथ शाहदेव, भुनेश्वर यादव, कौशल्या देवी, बिजय ठाकुर, मनदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# विस में विधायक ने क्षेत्र के विकास को ले किये सवाल

## क्षेत्र के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शून्यकाल के दौरान सदन में क्षेत्र से जुड़ी जनसमस्याओं एवं विकास से संबंधित सवालों को उठाया। इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के हरातू डैम एवं महुआडांड़ प्रखंड के कुटुदिरी डैम की वर्तमान स्थिति एवं इनके सौंदर्यीकरण को लेकर भी विधायक के द्वारा सवाल उठाए गए। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने सवालों के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि दोनो डैम सिंचाई एवं पर्यटकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सरकार इन दोनों डैम का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराये। झारखंड एवं पलामू के गौरव एवं पौराणिक धरोहर बेतला के पलामू किला तथा चैनपुर के शाहपुर स्थित किला और नवागढ़ के मुर्गिडीह किला वर्तमान में जर्जर अवस्था में है। सरकार इसके जीर्णोद्धार के लिए क्या प्रयास कर रही है। वही सभी किला के जीर्णोद्धार को लेकर झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति मंत्री ने विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा


मनिका विधायक रामचंद्र सिंह।

उठाए गए सवालों के उत्तर देते हुए कहा पलामू किला (नया-पुराना) एवं शाहपुर संरक्षण एवं विकास कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत राशि के विरुद्ध 7 करोड़ 20 लाख का आवंटन लातेहार उपायुक्त को दी गई थी। लेकिन उपायुक्त लातेहार के द्वारा योजना के कार्यवन्यन हेतु किसी भी सक्षम एजेंसी का चयन नहीं होने पाने की सूचना देते हुए संपूर्ण आवंटित राशि सूद समेत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय को वापस कर दी। वही नवागढ़ के मुर्गिडीह स्थित किला के जीर्णोद्धार पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही शाहपुर किला के संरक्षण एवं विकास कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डाल्टनगंज के अधियाचना के आलोक में 70 लाख चेक के माध्यम से उपायुक्त पलामू को उपलब्ध कराया गया है। उक्त राशि के विरुद्ध कार्य स्थल पर चाहरदीवारी का निर्माण कराया गया है। वही विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा वन विभाग से संबंधित सवाल पूछे गए। जैसे राज्य के कई वनपाल वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति आहर्ता रखते हैं, जो पदोन्नति से वंचित है। इस सवाल के जवाब में सरकार की ओर से कहा गया कि पदोन्नति हेतु योग्य वनपालो का वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रतुल शाहदेव ने केंद्रीय कोयला मंत्री और कोयला सचिव को लिखा पत्र

# आरा चमातु गांववालों के साथ हो रहा अन्याय

➲ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि पर स्थानीय को प्राथमिकता देने का किया आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने केंद्रीय कोयला मंत्री भारत सरकार और केंद्रीय कोयला सचिव को पत्र लिखकर गणेशपुर पंचायत के आरा चमातू ग्रामवासियों के साथ हो रहे अन्याय से अवगत कराया। प्रतुल ने पत्र के माध्यम से लिखा है कि सीसीएल के कुछ असंवेदनशील पदाधिकारी एवं कुछ भ्रष्ट अधिकारी मिलीभगत कर आरा चमातू के भू-रैयत और विस्थापितों के साथ अन्याय कर रहे हैं। अन्याय की सीमा इतनी बढ़ गई है कि उनके वाजिब मांगों पर उन्हें डराने के लिए रैयतों को ही जेल तक भेजा गया। प्रतुल शाहदेव ने शिक्षा, स्वास्थ्य,



ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे दुर्घटना, प्रदूषण से हो रहे नुकसान, स्थानीय लोगों को रोजगार, जलस्तर घटने से पेयजल की हो रही समस्या, ग्रामीणों को धमकाना जेल भेजना, बंदोबस्त जमीन पर बिना मुआवजा दिए कब्जा करना, नौकरी देने के नाम पर बेवजह शर्तो को थोपना, मुआवजा की राशि को बढ़ाने समेत कई मांग केंद्रीय मंत्री से की है। बता दे कि सीसीएल की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक में प्रतुल चमातू गांव ही पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने हो रही समस्याओं से प्रतुल को अवगत कराया था। प्रतुल शाहदेव ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया था कि उनकी मांगों को केंद्रीय मंत्री के पास पहुंचाया जाएगा। प्रतुल ने कहा कि यदि इसके बाद भी आवश्यकता पड़ेगी तो केंद्रीय मंत्री से मिलकर उन्हें सभी बातों से अवगत कराया जाएगा। प्रतुल ने पत्र की कॉपी केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री, कोल इंडिया के चेयरमैन और सीसीएल के चेयरमैन को भी भेजी है।

### सुरेंद्र सिंह के शव पहुंचते ही गांव में मातम



**बेतला।** बरवाडीह थाना अंतर्गत केचकी पंचायत के सररईडीह निवासी सुरेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष पिता मनोहर सिंह का पिछले दिन पलामू के दुबियाखाड़ में ट्रेक्टर से गिरने से घायल हो गया था। जिसके बाद परिजनो के साथ-साथ गाड़ी मालिक ने तत्काल पलामू पीएमसीएच मे भर्ती कराया। जिसके बाद डांक्टर ने जांच कर आरएमसीएच में बेहतर ईलाज के लिए रेफर करते कहा की गंभीर चोट है इसके लिए रांची मरीज को ले जाने की सलाह दिया जिसके परिजनो ने रांची ले जाकर भर्ती कराया और जैसे ईलाज शुरू की सुरेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजनो ने पोस्मास्टम कराकर अपने गांव सररईडीह शव लेकर जैसे ही पहुचा पुरे गांव मे मातम छाया गया। मृतक के पिता मनोहर सिंह ने कहा की मेरा घर मे कमाने वाला लडका का मौत हो गया। मृतक के पत्नी देवंती देवी ने बताई की हमलोग का चार बच्चे है दो बेटा दो बेटी। वही मौत का खबर सुनकर बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने मृतक के घर पहुचकर हर संभव मदद करने का दिलाया भरोसा। वही स्थानिय जनप्रतिनिधी, प्रेम कुमार उर्फ पिंटु केचकी मुखीया बुद्धेश्वर सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह, हरेंद्र राम, अजय कुमार, बिरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, सतीश कुमार, बनवारी सिंह, कमलेश प्रजापति, निलेश सिंह समेत कई लोग मृतक के घर मौजूद थे।

### केंद्रीय टीम ने किया मध्य विद्यालय तुरिसोत का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवददाता

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के मध्य विद्यालय तुरिसोत का निरीक्षण भारत सरकार के प्रतिनिधि दामिनी एवं स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार की सहयोगी यूनिसेफ दिल्ली की टीम ने दौरा कर से संबंधित जानकारी प्राप्त की। भारत सरकार के प्रतिनिधि दामिनी ने बताया कि इस बार स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में लातेहार जिले का पूरे झारखंड में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि 2019-20 में कराए गए भारत सरकार के द्वारा सर्वे में लातेहार जिला 23 स्थान पर रहा था। इस बदलाव के पीछे शिक्षा विभाग शिक्षकों एवं यूनिसेफ टीम के साथ-साथ बच्चों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के बाद बच्चों की पढ़ाई एवं उनके रहन-सहन में काफी बदलाव आया है। यूनिसेफ की कुमारी समीक्षा में यूनिसेफ के द्वारा किए जा रहे कार्यों


निरीक्षण करती टीम।

के बारे में बच्चों से बात की उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चे सरकार की योजनाओं एवं अपने शैक्षणिक माहौल के बारे में बहुत कम जान पाते हैं। ऐसे में यूनिसेफ जैसी संस्था एक सहयोगी का काम कर बच्चों के जीवन स्तर बढ़ाने में काफी सहयोग करती है उन्होंने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से 2019-20 में जहां स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार की मनको को मात्र 9 विद्यालय पूरा करते थे। भारत सरकार के द्वारा 2022 में कराए गए सर्वे में लातेहार जिले का 177 विद्यालय विद्यालय पुरस्कार की मानकों को पूरा कर रहा है उत्साह वर्धन करने वाली बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे का जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। केंद्र से आई हुई टीम ने मध्य विद्यालय तुरिसोत में शिक्षकों बच्चों एवं ग्रामीणों से बात कर विद्यालय में स्वच्छता एवं शैक्षणिक कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी विजय कुमार पासवान, जिला स्वच्छता समन्वयक संजीत कुमार, संकुल साधन सेवी विकास कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामप्रसाद यादव चकला मुखिया रंजीता एक्का का टुमारो मुखिया सुनीता खलखो पंचायत समिति संगीता देवी समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

### साठ महिला-पुरुषों का नि:शुल्क मोतियाबिंद का हुआ ऑपरेशन



**बारियातू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मे जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान मे साठ महिला पुरुषों को नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन प्रशिक्षित चिकित्सक अनुज कुमार पाठक द्वारा किया गया। ट्रस्ट के संचालक वंदना तिवारी व कर्मी दीपक कुमार सोनी, सिद्धांत कुमार, अयूब ने बताया की 83 मरीजों का जांच कर निबंधन किया गया था। परंतु साठ महिला पुरुषों का ऑपरेशन आधुनिक तरीके से करते हुए लेंस प्रत्यारोपण किया गया। साथ ही बताया की जांच के दौरान पाया गया की ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को ससमय ऑपरेशन नहीं कराये जाने के कारण मोतियाबिंद आंख मे ही फट गया है। जिससे कई लोग आंख की रोशनी खो दिए है। क्षेत्रवासियों को आंख में किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो ससमय चिकित्सक से दिखाए एवं मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन करवाने की अपील किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मे 28 दिसंबर को पुन: जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। 29 दिसंबर को ऑपरेशन किया जायेगा। नि:शुल्क ऑपरेशन के साथ लेंस व भोजन रहने का ब्यवस्था दिया जा रहा है। मौके पर ऑपरेशन शिविर को सफल बनाने में नमिता, कविता, अजीत, साहिल, सुधीर कुमार रवि, छोटू खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

### गायत्री परिवार ने किया पत्रिका सम्मेलन कार्यक्रम



चंदवा। गैरेजलेन स्थित गायत्री शक्ति पीठ परिसर में बुधवार को पत्रिका सम्मेलन (अखंड ज्योति एवं युग निर्माण) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तपोभूमि मथुरा से आये विद्वान भृगुनाथ तिवारी के द्वारा सम्मेलन में मौजूद लोगों को धर्म, संस्कृति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि समाज मे कर्म से वर्ण की पहचान होनी चाहिए। अध्यात्म व विज्ञान में समन्वय स्थापित कर हम सभी को विश्व कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए तभी सृष्टि का कल्याण होगा। मौके पर पलामू उपजोन प्रभारी शिव कुमार, राजेश चंद्र पांडेय, रामयश पाठक, कार्तिक धाकर, शांता सिंन्हा, अवध किशोर पाठक, कुशेश्वर प्रसाद, बलराम साहू, केदारनाथ महतो, देवेन्द्र प्रसाद, सबिता साहू, सूर्यनारायण साहू समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### जंगली हाथियों का उत्पात, फसल व घर किया नष्ट


क्षतिग्रस्त घर।


**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। जमीरा, माल्हन व लाधुप पंचायत में इनदिनों जंगली हाथी डेरा जमाए हुए है। मंगलवार की रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने लाधुप पंचायत अंतर्गत आरा गांव में जमकर उत्पात मचाया। एक दर्जन की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने किसान चैता मुंडा के घर को ध्वस्त व खेत मे लगे टमाटर की फसल को नष्ट कर दिया वहीं अमर मुंडा व कैलाश मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया। एक बार फिर से जंगली हाथियों के गांव पहुंचने से ग्रामीण में भय देखा जा रहा है। जंगली हाथी एक गांव-दूसरे गांव अपनी घमक दिखा रहे हैं वहीं दूसरी ओर वन विभाग हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने में असफल साबित हो रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से कुशल टीम बुलाकर जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने की गुहार लगायी है।

### बीडीओ ने स्वयंसेवकों के साथ की बैठक


बैठक करते बीडीओ।

चंदवा। चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ विजय कुमार ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के स्वयं सेवकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट जानी व योजना गति देने को लेकर स्वयं सेवको को निर्देशित किया। बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना को स-समय पूर्ण करें, जो लाभुक ससमय आवास को पूर्ण करने में आनाकानी कर रहे हैं, उनकी सूची उपलब्ध कराएं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पीएम आवास के प्रखण्ड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, स्वयं सेवक राहुल कुमार, मन्नू उरांव, अमित कुमार, राजन कुमार, मनीष कुमार समेत दर्जनों की संख्या में स्वयं सेवक शामिल थे।

### 8 पंचायतों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न


शिविर में उपस्थित लोग।

चंदवा। वर्ष 2023-24 के पंचायत विकास के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में आठ पंचायतों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। प्रदेश से आये मास्टर ट्रेनर पूनम सिंह जेएसएलपीएस के मुजीबुल आरफी,पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार एवं मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव ने प्रशिक्षण दिया। पंचायत के विकास के लिए प्रखंड कर्मियों के साथ पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता को जरूरी बताया गया। प्रशिक्षण में मुखिया, वार्ड सदस्य, मनरेगा मेठ, जल सहिया, रोजगार सेवक व महिला समूह की दो महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया। पहले सत्र में बनहरदी, बारी, चेटर,सासंग, सेरक, चकला व अलौदिया पंचायत के लोगो को प्रशिक्षण दिया गया। शेष 9 पंचायतों का प्रशिक्षण गुरुवार से आरंभ होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद लोग पंचायतों में जाकर वार्षिक कार्य योजना तैयार करेंगे। 21 जनवरी 2023 तक हर हाल में वार्षिक कार्य योजना तैयार कर लिया जाना है।

### एसडीओ शेखर कुमार ने अनियमित रूप से मेन रोड में खड़े कई वाहनों का काटा चालान



**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के मेन रोड में आढ़े, तिरछे एवं बिना पार्किंग में गाड़ी खड़ा करना पड़ा भारी। नगर पंचायत के दंडाधिकारी सह लातेहार एसडीओ शेखर कुमार द्वारा कई लोगों के वाहन का ऑनलाइन चालान काटा गया। बताते चलें कि इन दिनों लातेहार में सड़को में जाम की समस्या अत्यधिक देखी जा रही थी। देखा जा रहा था कि कई लोगों द्वारा आड़े, तिरछे व बिना पार्किंग रोड में ही गाड़ी खड़ा कर अपना निजी कार्य करने लगते थे जिस कारण आने जाने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। जिसे देखते हुए बुधवार को लातेहार मेन रोड में अनियमित रूप से खड़ा वाहन को एसडीओ द्वारा ऑनलाइन चालान काटा गया एवं रोड समीप खड़े ठेले, छोटे-मोटे दुकान को डांट फटकार लगाकर छोड़ा गया व अतिक्रमण मुक्त रखने का भी अपील किया गया। इस मौके पर परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं लातेहार सदर के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-टंडवा मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेटर ग्राम में मंगलवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष राम 35 वर्ष पिता स्व किता राम ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी चमातू ग्राम से अपने घर वापस लौट रहा था। जहां चेटर नदी के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे संतोष राम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल संतोष राम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेश राम की देखरेख में घायल का प्राथमिक उपचार किया गया व ही स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर किया गया।

### लातेहार जिप उपाध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से कहा

# जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : अनिता देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता बरते जाने की लिखित शिकायत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से की है। जानकारी देते हुए अनीता देवी ने बताया की जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है। जिसके तहत प्रत्येक घर, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। जिसके तहत चयनित स्थलों पर बोरिंग करके जल मीनार लगाकर सभी घरों में पेयजल की सुविधा देना है। लेकिन संवेदक द्वारा बोरिंग का गड्ढा कम किया जा रहा है। केसिंग पाइप कम डाला जा रहा है। जल मीनार और पीवीसी पाइप जो लगाया जा रहे हैं वह घटिया क्वालिटी का है। आगे उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में इस प्रकार की शिकायतें कई जगहों से प्राप्त हो रही है। जिसके बाद अनिता देवी द्वारा


संवेदक द्वारा बनवाया गया गढ्ढा।

लिखित सूचना दिए जाने के बाद कार्यपालक अभियंता पेयजल, कार्यपाल सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया है। जो आज गुरुवार को बालूमाथ के विभिन्न पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों एवं शिकायतों की जांच करेगी। अनिता देवी ने बताया कि यह यदि बोरिंग की गहराई कम की जाती है तो ऐसे में गर्मी के दिनों में पानी सूख जाएगा और सरकार की यह योजना विफल हो सकती है। उन्होंने सरकार की योजना को सफल बनाने के लिए आमजनों का भी आह्वान किया गया है। उपाध्यक्ष ने लोगों से अपील की है कि आपके क्षेत्र में हो रही योजनाओं की गुणवत्ता की जांच आप स्वयं करें ताकि सरकार की महत्वकांक्षी योजना सफल हो सके एवं सरकारी राशि का बंदरबांट नहीं हो। वहीं एक सप्ताह पूर्व बालूमाथ प्रखंड के कोमर ग्राम स्तिथ खुटीहनवा में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाए जा रहे जल मीनार में संवेदक द्वारा घटिया क्वालिटी का सामग्री लगाने पर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम बंद करा दिया था। संवेदक द्वारा घटिया क्वालिटी वाला कम एमएम का छड़, घटिया क्वालिटी का सीमेंट, मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा था।

# बारियातू थाना के चारदीवारी निर्माण कार्य से रैयतों में रोष

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला अंतर्गत बारियातू प्रखंड के जबरा और बिश्रामपुर ग्राम के लोगों ने बुधवार को लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को बरियातू थाना पुलिस प्रशासन के द्वारा धमकी दिए जाने के संबंध में आवेदन दिया है। जिसमें ग्रामीणों ने कहा है कि हम लोग पर दबाव बनाकर एवं धमकी देकर पुलिस प्रशासन द्वारा बारियातू थाना के चार दिवारी हेतु रैयती भूमि देने के लिए बोला जा रहा है और नहीं देने पर जबरन लेने की बात कही है। पत्र में ग्रमीणों ने कहा कि पदाधिकारी के द्वारा कई तरह की धमकियां परिवार के सदस्य को दिया जा रहा है। वहीं बरियातू थाना में पदस्थापित एसआई दीपक नारायण सिंह ने रैयतो को धमकी दिया है कि यदि आप लोग भूमि नहीं देंगे तो आप लोगों को घर से निकलना मुश्किल कर देंगे। उपयुक्त बातों से ग्रामीण रैयत परिवार के सभी


उपायुक्त को आवेदन देने पहुंचे ग्रामीण व रैयत।

लोग डरे एवं सहमे हुए हैं कि पुलिस द्वारा झूठे केस में फंसाया जा सकता है साथ ही जान माल का खतरा भी हो सकता है। वहीं ग्रामीणो ने बताया कि बरियातू थाना निर्माण के पहले ही भूमि चिन्हित कर बरियातू अंचल द्वारा संविदा को सौंप दिया गया था और अब थाना भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा चारदीवारी निर्माण कार्य चल रहा है ऐसे में अचानक अब बरियातू पुलिस प्रशासन के द्वारा रैयती भूमि पर चारदीवारी निर्माण कराने का पुलिसिया खौफ दिया जा रहा है। इस मामले को लेकर भूमि रैयतो ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार की है। इस बाबत बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार से पूछे जाने पर कहा कि ऐसा कोई मामला नहीं है जमीन की चारदीवारी हो रही थी पुलिस किसी रैयत को परेशान नहीं कर रही है। ग्रामीणों से वार्ता की गई थी थोड़ा सा चारदिवारी को सीधा करने में लेकिन हम लोगों ने अपने ही भूमि पर थाना का चारदीवारी कर रहे है ऐसे मे किसी रैयत व ग्रामीणों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मौके पर तपेश्वर सिंह, शांति देवी, अनीता देवी, ममता देवी, पवन सिंह, रीना देवी, कैलाश देवी, उमेश सिंह, मुकेश सिंह, नवल कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह समेत कई रैयत लोग मौजूद थे।

